बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 :– 01/भू0अ0नि0 (09) विशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय/अंतर्राज्जीय सीमा)–22/2022 1958

प्रेषक,

**जय सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

दि0- 4/8/2022

सेवा में,

**निदेशक,**
सर्वे ऑफ इंडिया, पटना कार्यालय,
चौधरी कर्पूरी ठाकुर कॉम्पलेक्स,
आशियाना दीघा रोड, पटना।

विषय :– बिहार राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्जीय सीमा पर अवस्थित राजस्व ग्रामों की सीमा सत्यापन में सहयोग करने एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए मानचित्रों की शुद्धता की जॉच/सत्यापन के लिए **तृतीय पक्ष के रूप में** कार्य करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक–1631 दिनांक–02.07.2022 एवं पत्रांक–1737 दिनांक–14.07.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्रों का संदर्भ किया जाए। प्रसंगाधिन मामले में अनौपचारिक सहमति व्यक्त करते हुए, विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत चयनित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी प्राप्त किए जाने के उद्देश्य से दिनांक–18.07.2022 को आपके विशेषज्ञयों द्वारा बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग में अवस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के कार्यालय में इनके कार्यो का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरिक्षण में मानचित्र निर्माण इत्यादि के लिए किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की गई।

उल्लेखनीय है कि राज्य में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य प्रारंभ होने की अधिसूचना संख्या–1574 दिनांक–01.10.2012 द्वारा राज्य के 13 जिलों, अधिसूचना संख्या–188 दिनांक–03.02.2015 द्वारा 05 जिलों तथा अधिसूचना संख्या–1973 दिनांक–03.11.2016 द्वारा 20 जिलों को अधिसूचित किया गया है।

राज्य के सभी जिलों को अधिसूचित किए जाने के पश्चात् विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु तीन हवाई सर्वेक्षणं एजेंसियों यथा IIC, IEISL, GISC का चयन किया गया तथा चयनित एजेंसियों द्वारा हवाई फोटोग्राफी उपरांत सभी 38 जिलों के लगभग 45900 राजस्व ग्रामों का आर्थो फोटोग्राफ तैयार कर जिलावार मानचित्रों की आपूर्ति की जा रही है। इस कार्यक्रम अंतर्गत GISC द्वारा अपने 07 जिलों के सभी मानचित्रों को जिलों में समर्पित किया जा चुका है, IEISL द्वारा आवंटित 15 जिलों में से 07 जिलों का मानचित्र एवं IIC द्वारा आवंटित 16 जिलों में से 12 जिलों का मानचित्र जिलों में समर्पित किया जा चुका है। तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा मानचित्र निर्माण की प्रक्रिया में प्रथम चरण के 20 जिलों के अंतर्गत स्थापित किए गए नियंत्रक बिन्दुओं का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का नाम | प्रथम चरण में आवंटित जिलों की सं0 | स्थापित किए गए PCP की सं0 | स्थापित किए गए SCP की सं0 | चिन्हित किए गए त्रिसीमानाओं की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | IIC | 11 | 11 | 100 | 2747 |
| 2. | IEISL | 03 | 02 | 21 | 2461 |
| 3. | GISC | 06 | 06 | 216 | 3924 |

हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से प्राप्त मानचित्र एवं राज्यस्तरीय अधिसूचना के आलोक में वर्त्तमान में उपलब्ध कार्यबल एवं संसाधन के आलोक में राज्य के 20 जिलों यथा – नालंदा, शेखपुरा, मुंगेर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, जमुई, बांका, पश्चिमी चम्पारण, बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, अररिया, किशनगंज, कटिहार, जहानाबाद, अरवल, सीतामढ़ी, शिवहर एवं पूर्णियाँ के 89 अंचलों में 208 विशेष सर्वेक्षण शिविर स्थापित कर 4989 राजस्व ग्रामों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से प्राप्त प्राथमिक मानचित्र के साथ स्थलीय सत्यापन कर मानचित्र एवं अधिकार अभिलेख का निर्माण किया जा रहा है। इन जिलों के सभी 4989 राजस्व ग्रामों की ग्रामसीमा सत्यापित की जा चुकि है एवं 3511 राजस्व ग्रामों में किस्तवार (खेसरा सत्यापन एवं निर्माण की प्रक्रिया) का कार्य पूर्ण कर 908 राजस्व ग्रामों में खानापुरी (खेसरावार स्वामित्व निर्धारण) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 280 राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रकाशित कर 120 राजस्व ग्रामों का अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन किया जा चुका है।

राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत किए जा रहे कार्यो के अंतर्गत हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा तैयार किए जा रहे विशेष सर्वेक्षण मानचित्र की शुद्धता के दृष्टिकोण से सहयोग के बिन्दु एवं किए जाने वाले कार्यो की विवरणी निम्न प्रकार है :–

1. **Ground control points Network :**
Positional Accuracy check for all the Primary, Secondary, tertiary control points and any other Pre/Post pointing reference points established by the Aerial Survey Agencies outsourced by Govt. of Bihar, Revenue & Land Reforms Deptt.

2. **Ortho rectified photographs/Orthotiles :**
Accuracy check for all the Ortho rectified Aerial Photographs/orthotiles generated by the Aerial Survey Agencies, which includes following :-
   (a) Checking of projection parameters.
   (b) Checking of Aerial triangulation and bundle block adjustment and their accuracy obtained.
   (c) Accuracy checking for each ortho photo/files.

3. **Digitsation/vector Data Checking :**
   (a) Checking for correctness of Digitisation of Revenue Map from scanned plane table sheets.
   (b) Checking of accuracy of Digitisation of re-survey map using ortho rectified Aerial photos.
   (c) Checking of correction carried out by the Aerial Survey Agency on the Digitised Map from ortho Aerial photo with the ground verified maps. These corrected Maps are final Digital Maps.

4. **Deliverables :**
Checking for completeness of all Deliverables mentioned in the MoU between Directorate of Land Records & Survey, Govt. of Bihar & Aerial Survey Agencies.

5. **Spatial Data Model Structure :**
Assist in development of spatial Data Model Structure for the Digital Maps generated using Aerial photos.

6. **Symbology :**
Assist in creation of Symbologies to be used in DTDB and DCDB data being generated by the Aerial Survey agency.

7. **Demarcation of Boundaries :**

Assistance in Demarcation of international and Inter State boundary falling in 20 Districts. They are :-

| Sl. No. | Country/State Name | Name of the district on the border |
|---|---|---|
| 1. | Nepal | West Champaran, Sitamarhi, Supalu, Araria & Kishanganj |
| 2. | Uttar Pradesh | West Champaran |
| 3. | Jharkhand | Jamui, Banka |
| 4. | West Bengal | Katihar, Kishanganj |

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अपनी सहमति एवं कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ताकि राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत त्रुटिरहित मानचित्रों एवं अधिकार अभिलेखों (खतियान) का प्रकाशन किया जा सके।

2. इस कार्यक्रम के अंतर्गत अंतराष्ट्रीय एवं अंतर्राज्जीय सीमा पर अवस्थित सभी राजस्व ग्रामों के ग्रामसीमा सत्यापन कार्य में भी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 4/8/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (09) बिशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय/अंतर्राज्जीय सीमा)–22/2022..1958..**पटना, दिनांक** 4/8/2022

**प्रतिलिपि** :– संयुक्त सचिव, गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (09) विशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय/अंतर्राज्जीय सीमा)–22/2022..1958..**पटना, दिनांक** 4/8/2022

**प्रतिलिपि** :– संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (09) विशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय/अंतर्राज्जीय सीमा)–22/2022..1958..**पटना, दिनांक** 4/8/2022

**प्रतिलिपि** :– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (09) विशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय/अंतर्राज्जीय सीमा)–22/2022..1958..**पटना, दिनांक** 4/8/2022

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 4/8/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप